स्मारिका

वर्ष 2024

राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्थान

नई दिल्ली

स्मारिका

राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्थान

संपादक मंडल

डॉ. गोपालजी झा
वैज्ञानिक

डॉ. पिंकी अग्रवाल
वैज्ञानिक

डॉ. हस्ती राम
वैज्ञानिक

डॉ. मुकेश कुमार मीना
वैज्ञानिक

श्री सुधीर पटवाल
क्रय एवं भंडार अधिकारी

श्री प्रेम सिंह नेगी
वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी

डॉ. ओम प्रकाश साह
कनिष्ठ हिंदी अनुवाद

विषय सूची

क्रम सं.	विषय	लेखक	पृष्ठ सं.
1.	संदेश	डॉ. देबाशीस चट्टोपाध्याय	3
2.	एन.आई.पी.जी.आर. का सफ़र...कुछ यादें ...	प्रेम नेगी	4
3.	एनसीपीजीआर से एनआईपीजीआर तक का सफर	डॉ. मोनिका जग्गी	9
4.	सपना जो सच हुआ	डॉ. हस्ती राम	12
5.	मेरी एनआईपीजीआर यात्रा...	डॉ. मंजुल सिंह	13
6.	यादें जो याद आती हैं	डॉ. अदिति गुप्ता	14
7.	कुछ यादें कुछ बातें	डॉ. अर्शीद शेख	15
8.	एनआईपीजीआर...अनुभव से आकार मिला	डॉ. सीमा प्रधान	16
9.	एनआईपीजीआर में ''विज्ञान की खोज''	डॉ. रघु राम बादामी	17
10.	यादों की राह पर एक यात्रा	डॉ. श्वेता झा	18
11.	अंतहीन यात्राः एक वैज्ञानिक की जिज्ञासा से खोज तक की यात्रा	डॉ. तपन कुमार मोहन्ता	19
12.	एनआईपीजीआर..मेरा आत्मविश्वास	सुवाकांता बारिक	20
13.	एनआईपीजीआर में मेरी शोध यात्रा	स्नेहा तिवारी	21
14.	विज्ञान और संचारः भारतीय संस्थानों के विकास की कुंजी	रत्नेश्वर ठाकुर	22
15.	एनआईपीजीआर में मेरे दिन	डॉ. आशुतोष कुमार	25
16.	अल्मा मेटर एनआईपीजीआर	डॉ. मोहन शर्मा	26
17.	एनआईपीजीआर की यादें	डॉ. ज्योतिर्मय मथान	27
18.	एनआईपीजीआर में मेरी यात्रा	डॉ. कृति त्यागी	28
19.	एनआईपीजीआर यादों की गलियारों में	डॉ. जूही भट्टाचार्य	29
20.	प्रिय एनआईपीजीआर	डॉ. विशाल वार्ष्णेय	30
21.	एनआईपीजीआर	डॉ. कुमुद सैनी	32
22.	एनआईपीजीआर से आईआरआरआई तक खोज की जड़ें	फ़राज़ अज़ीम	33
23.	एनआईपीजीआर एक असाधारण कार्यस्थल	रीना अरोड़ा	35
24.	मतदाता जागरूकता	विनोद कुमार शर्मा	37
25.	दोस्ती में	विनोद कुमार शर्मा	38
26.	अनोखा हुनर	रजनी असवाल	39
27.	कृपया थोड़ा चुप हो जाएं	रजनी असवाल	40
28.	In the heart of New Delhi	Dr- Siddhi Jalmi	41

संदेश

राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्थान, भारत सरकार के बायोटेक्नोलॉजी विभाग की एक स्वायत्त संस्थान है। संस्थान को भारत की स्वतंत्रता की 50 वीं वर्षगांठ और प्रोफेसर (डॉ.) जे.सी. बोस के जन्म दिवस पर स्थापित किया गया था। इसकी औपचारिक घोषणा 30 नवंबर 1997 को की गयी थी। संस्थान पादप आनुवंशिकी (प्लांट जीनोमिक्स) के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। संस्थान जीनोम विश्लेषण और आणविक प्रजनन, विकास, जैविक और अजैविक तनाव के अनुकूलन, होस्ट–पेथोजेन इंटरेक्शन, कम्प्यूटेशनल जीव विज्ञान और न्यूट्रिशनल जीनोमिक्स से संबंधित विषयों पर अनुसंधान में अपने वैज्ञानिकों के माध्यम से सक्रिय है । पादप विज्ञान अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान के लिए हमारे कई संकायों और शोधकर्ताओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिष्ठित सम्मान / पुरस्कार और फैलोशिप से सम्मानित किया गया है।

विज्ञान के क्षेत्र में हिंदी भाषा को प्रोत्साहित करना तथा पादप विज्ञान के कठिनतम विषयों को हिंदी भाषा में प्रस्तुत करना भी संस्थान के प्रमुख लक्ष्यों में से एक है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु संस्थान द्वारा हिन्दी पत्रिका 'अन्वेषण' का प्रकाशन किया जाता है। यह बताते हुए हर्ष की अनुभूति हो रही है कि इस वर्ष हिंदी पत्रिका 'अन्वेषण' का चौथा अंक प्रकाशित किया गया है।

संस्थान के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर स्मारिका प्रकाशित की जा रही है। यह मेरे लिए प्रसन्नता की बात है कि संस्थान के वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं एलुमनाई ने स्मारिका के प्रकाशन में अपना योगदान दिया है। इस स्मारिका में संस्थान की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की यात्रा को बहुत ही आत्मीयता के साथ याद किया गया है।

मैं स्मारिका के प्रकाशन के लिए संपादक मंडल एवं अधिकारियों और कर्मचारियों एवं एलुमनाई को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ ।

डॉ. देबाशीस चट्टोपाध्याय
निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), रा.पा.जी.अनु.सं.

एन.आई.पी.जी.आर. का सफ़र...कुछ यादें ...

प्रेम नेगी
वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी

मेरी एन.आई.पी.जी.आर. में यात्रा की शुरूआत हुई जब मैंने 15 सितंबर, 1993 को सी.पी.एम.बी., एस.एल.एस., जे.एन.यू जॉइन किया। जे.एन.यू.जैसी प्रसिद्ध विश्वविद्यालय में काम करने की मुझे बहुत खुशी थी। उस समय सी.पी.एम.बी. की एस.एल. एस., जे.एन.यू. में 4 लैब थी, जिसमें स्वर्गीय प्रोफेसर शिप्रा गुहा मुखर्जी, प्रोफेसर असीस दत्ता, प्रोफेसर सुधीर कुमार सोपोरी, प्रोफेसर कैलाश चन्द उपाध्याय प्रमुख थे ।

प्रोफेसर शिप्रा गुहा मुखर्जी की लैब में डॉ. सुष्मिता, डॉ. संजीव कालिया और स्वर्गीय डॉ. जयन्ती सेन प्रमुख वैज्ञानिक थे। स्वर्गीय श्री सुनील शर्मा लैब में तकनीकी अधिकारी थे और मेरे बहुत अच्छे सहयोगी भी रहे। डॉ. जयन्ती मैडम और श्री सुनील जी से मैने टिशू कल्चर के बारे में बहुत कुछ सीखा, जो कि एक बहुत सुखद अनुभव था।

प्रोफेसर असीस दत्ता की लैब में डॉ. निरंजन चक्रवर्ती, डॉ. शुभ्रा चक्रवर्ती प्रमुख वैज्ञानिक थे। श्री सरजीत सिंह, राजबीर सिंह लैब में तकनीकी अधिकारी, श्री अरबिन्दो दास, बिशु मंडल और महेंदर लैब अटेंडेंट थे और मेरे बहुत ही अच्छे सहयोगी भी रहे।

प्रोफेसर एस.के. सोपोरी की लैब में प्रोफेसर ए.के. शर्मा, डॉ. मीना रानी चंदोक और डॉ. मीनाक्षी मुंशी और डॉ. रेणु देसवाल प्रमुख वैज्ञानिक थे। प्रो. सुधीर कुमार सोपोरी बहुत ही प्रसिद्ध एवं महान वैज्ञानिक हैं, और उनके द्वारा दिया गया ज्ञान मुझे हमेशा याद रहेगा। इसी लैब में, मैं भी तकनीकी अधिकारी के तौर में कार्यरत था और श्री तुल बहादुर थापा लैब अटेंडेंट थे। प्रोफेसर एस. के. सोपोरी की लैब मे, मैंने लैब मैनेजमेंट, टिशू कल्चर और आणविक जीवविज्ञान तकनीकों के बारे में बहुत कुछ सीखा यह मेरे कार्यकाल का एक सुखद अनुभव था। प्रो. सुधीर कुमार सोपोरी ने मुझे, स्वयं और डॉ. मीनाक्षी की पांडुलिपि/मैनुस्क्रिप्ट में एक्नोलेज्मेंट भी दिया अर्थात् क्रिटिकल रिव्यू इन प्लांट साइंसेज (1998).

प्रोफेसर के.सी. उपाध्याय की लैब में डॉ. अपर्णा दीक्षित, डॉ. आई.पी. एस. लाल और डॉ. प्रवीण वर्मा प्रमुख वैज्ञानिक थे। सुश्री कंचन आनंद उस समय तकनीकी अधिकारी थी और श्री पी. के. मिश्रा लैब अटेंडेंट थे और मेरे बहुत ही अच्छे सहयोगी भी रहे। उस समय प्रोजेक्शन कार्य की जिम्मेदारी भी मुझे दी गयी थी। व्याख्यान, कार्यशाला, सम्मेलन (राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय) इत्यादि में ओवरहेड प्रोजेक्टर (ट्रांसपेरेंसी शीट द्वारा),स्लाइड प्रोजेक्टर (स्लाइड द्वारा) और बाद में एलसीडी प्रोजेक्टर/लैपटॉप द्वारा किया जाता था। सी.पी.एम.बी. का क्लास रूम/लेक्चर हॉल छोटा था, इसलिए हमें उपरोक्त कार्यकर्मो में एस.एल.एस., जे.एन.यू के ऑडिटोरियम/कांफ्रेंस हॉल में अपने प्रोजेक्शन उपकरणों को स्थापित करना होता था और कार्यक्रम समाप्ति के बाद सारे उपकरणों को वापिस भी लाना होता था। इन कार्यो में सुबह 8 बजे से देर रात 9 भी बज जाते थे। प्रो.के.सी. उपाध्याय ने इन कार्यो में हमेशा मेरी सहायता की और में इसके लिए उनका आभार

प्रकट करता हूँ। प्रोफेसर के.सी. उपाध्याय संस्थान के विशेष कार्य अधिकारी (ओ.एस.डी.) भी रहे और एन.आई.पी.जी.आर. के निर्माण में उनका विशेष योगदान रहा।

उस समय सी.पी.एम.बी ऑफिस में स्वर्गीय श्री एम.एम.शर्मा (अनुभाग अधिकारी), श्री राजेंद्र रैनाजी (डेटा एंट्री ऑपरेटर) और श्री श्याम बहादुर गुरुंग (अटेंडेंट) सभी लैब्स की पर्चेज, जरुरत सम्बन्धी और प्रशासनिक इत्यादि काम सुचारू रूप से देखते थे।

श्री एम. शर्मा जी के साथ मैने कई कार्यकर्मो जैसे व्याख्यान, सम्मेलन, प्रवेश परीक्षा और कार्यशालायों इत्यादि में काम किया जो कि एक ज्ञानवर्धक अनुभव था। श्री एम शर्मा जी जे.एन.यू. से प्रतिनियुक्ति पर आये थे और वर्ष 2004 में वापस जे.एन.यू चले गये। श्री राजेंद्र रैनाजी जी लगभग 34 वर्षों की लम्बी सेवा प्रदान करने के बाद जून, 2024 को सेवानिवृत हुए। श्री रैनाजी को संस्थान के सभी स्टाफ सदस्यों की ओर से हार्दिक विदाई दी गई। श्री रैना जी का शांत और सहायक स्वभाव मुझे और संस्थान को हमेशा याद रहेगा।

एन.सी.पी.जी.आर. संस्थान की स्थापना भारत की स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ और प्रो. (डॉ.) जे. सी. बोस की जन्म जयंती के साथ हुई। इसकी औपचारिक घोषणा 30 नवंबर 1997 को की गई थी। साल 1998 में सी.पी.एम.बी, एस.एल.एस., जेएनयू परिसर से एन.सी.पी.जी.आर. (अंतरिम परिसर), जेएनयू की नई बिल्डिंग में स्थानांतरित हुए।

इसके उपरान्त एन.सी.पी.जी.आर. का भूमि पूजन उस समय के मिनिस्टर ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी श्री एम.एम. जोशी द्वारा 30 नवंबर, 1999 को किया गया। स्वर्गीय श्री पी.एन.शर्मा (सलाहकार) ने बहुत कम कर्मचारियों (स्वर्गीय श्री बी. एन. बगाई, श्री विष्णु नारायण, सुमनजी, रैनाजी इत्यादि) के साथ मिलकर इसको सफल बनाने के लिए दिन–रात एक कर दिया और इसमें मैने भी सहयोग दिया और उनसे मैने बहुत कुछ सीखा।

साल 2001, मैं डॉ. सुदीप चट्टोपाध्याय के ग्रुप में शामिल हुआ और कई महत्वपूर्ण आणविक तकनीकें जैसे डीएनए साउथ वेस्टर्न ब्लॉटिंग (डीएनए–लिगैंड बाइंडिंग स्क्रीनिंग), वेस्टर्न और नॉर्दर्न ब्लॉटिंग, डीएनए, आरएनए आइसोलेशन, लाइगेशन, आर.ई. डाइजेसन, डीएनए इलेकटरोफोरेसिस और एस.डी.एस पेज का उपयोग सीखा और कई ऊतक संवर्धन आदि इत्यादि की भी तकनीकें सीखी। डॉ. सुदीप चट्टोपाध्याय ने मुझे प्रयोगशाला तकनीकों, विशेष रूप से आणविक जीव विज्ञान और उन्नत उपकरणों में प्रशिक्षित किया, यह मेरे लिए जीवन भर का ज्ञान है, और मैं हमेशा उनका आभारी रहूँगा। मुझे दो शोधपत्रों द प्लांट जर्नल (2002) और जेबीसी (2006) में सहलेखक के रूप में नाम मिला, साथ ही डीएनए–लिगैंड बाइंडिंग स्क्रीनिंग तकनीक (लगभग 2.5 लाख प्लैक्स/पट्टिकाएँ) करने के लिए द प्लांट सेल (2005) में भी श्रेय मिला। उस समय किसी भी तकनीकी अधिकारी के लिए उच्च श्रेणी की पत्रिकाओं में नाम दर्ज होना एक अभिभूत करने वाला अनुभव था। मैने बहुत सारे प्रोजेक्ट संभाले और मास्टर ऑफ साइंस के प्रशिक्षु और नए पीएच.डी. स्टूडेंट्स को प्रशिक्षित किया और यह मेरे जीवन का बहुत ही सुखद और ज्ञानवर्धक अनुभव था।

जैसा कि मुझे याद है कि वर्ष 2000–01 में, सी.

पी.एम.बी की लैब 104 में, स्वर्गीय प्रोफेसर सुशील कुमार, डॉ. शशि पाण्डेय राय , डॉ संजय राय, डॉ. सुदीप चट्टोपाध्याय , डॉ. देबाशीस चट्टोपाध्याय, डॉ. सभ्यता भाटिया, डॉ. मनोज प्रसाद, उनके पीएच.डी. छात्र, श्री अरुण कुमार (तकनीकी अधिकारी), तुल बहादुर थापा और लक्ष्मीकांत कांत मान (लैब अटेंडेंट) इतने सदस्य होने के बावजूद सब मिलजुल कर काम करते थे। साल 2002 में, प्रोफेसर सुशील कुमार जी ने एन.आई.पी.जी.आर. चिन्ह (लोगो) के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें मैने डॉ. सभ्यता भाटिया, डॉ. शशि पाण्डेय राय की टीम में रहते हुए प्रथम स्थान पाया और रुपए 500 का पुरस्कार भी मिला। इसके उपरान्त कुछ संशोधन के बाद यह संस्थान का चिन्ह (लोगो) बना और यह अनुभव भी बहुत शानदार था।

डॉ. सुदीप चट्टोपाध्याय 2009 में एन.आई.टी., दुर्गापुर चले गए थे और उस समय छात्रों और परियोजना निधि का ध्यान रखना एक बड़ी जिम्मेदारी बन गई। सभी छात्र और आर.ए. मेरी मदद करते और मूल रूप से हम लैब चलाने के लिए एक–दूसरे की मदद करते थे । इस दौरान मुझे एन.आई.पी. जी.आर. में एक कठिन और चुनौतीपूर्ण भूमिका का अनुभव हुआ था। डॉ. सुदीप चट्टोपाध्याय की लैब में पीएच.डी. छात्र रहे डॉ. हस्ती राम आज हमारे संस्थान में स्टाफ वैज्ञानिक के पद में कार्यरत है, जो मन में प्रसन्नता भर देता है।

एन.आई.पी.जी.आर. के संस्थापक और प्रथम निदेशक प्रोफेसर असीस दत्ता के अथक प्रयास और सशक्त नेतृत्व में, साल 2004 में एन.आई.पी. जी.आर. के नए बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूरा हुआ था। नवंबर 2004 में एन.सी.पी.जी.आर., जे.एन.यू. परिसर से एन.आई.पी.जी.आर. के नए परिसर में स्थानांतरित करना था । सभी प्रयोगशाला और फैसिलिटी को नए परिसर में स्थापित करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। यह काम सबकी मेहनत से पूरा हुआ। मुझे याद है कि, अरेबिडोप्सिस ग्रोथ रूम (डॉ. सुदीप चट्टोपाध्याय) को विघटित करके पैक करना, पौधों को बचाना तथा नए परिसर में स्थानांतरित करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था और इस कार्य को हमने उसी दिन पूरा कर लिया। इसी तरीके से हमने सब मशीनों को स्थानातरित कर उन्हें कार्यात्मक किया।

फिर वह स्वर्णिम समय आया जब 28 नवंबर, 2005 को माननीय राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. ए.पी. जे. अब्दुल कलाम जी के द्वारा एन.आई.पी.जी.आर. (पूर्व में एन.सी.पी.जी.आर.) का उद्घाटन किया गया। इस समारोहो में, मिनिस्टर ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी श्री कपिल सिबल जी, पूर्व सेक्रेटरी डी. बी.टी. स्वर्गीय डॉ. एम.के. भान और संस्थान के संस्थापक निदेशक श्री प्रोफेसर असीस दत्ता भी उपस्थित थे। इस समारोहो को संस्थान के सभी सदस्यों ने मिलकर सफल बनाया।

साल 2012 में, मैं एम.ए.एफ./एस.पी.आर. सुविधा/फैसिलिटी में स्थानांतरित हुआ और पी.जी.एफ. का अतिरिक्त कार्यभार संभाला। लैब से सुविधा/फैसिलिटी में आने पर मुझे काफी समय तक जिज्ञासा और उत्साह दोनों का अनुभव रहा। लेकिन समय के साथ धीरे–धीरे मैंने दोनों सुविधाओं की तकनीकें सीख लीं और यह मेरे जीवन का हिस्सा बन गयी। अभी में एम.ए.एफ./ एस.पी.आर. सुविधा, हिंदी समिति और ए.पी.वी.सी. समिति इत्यादि के काम सम्भाल रहा हूँ।

साल 2018 में आई. आई.एस.एफ, लखनऊ और 2022 में मेगा साइंस एंड टेक्नोलॉजी डे,

जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम, नई दिल्ली में सम्मिलित होना और अपने संस्थान के वैज्ञानिको के उत्कृष्ट कार्यो को पोस्टर और स्पेसिमेन द्वारा दर्शाना एक अभूतपूर्व अनुभव था।

आई.आई.एस.एफ.– लखनऊ, 2018 का चित्र

एन.आई.पी.जी.आर. मेरे लिए एक परिवार की तरह है। एन.आई.पी.जी.आर. की इस यात्रा में, मैं संस्थान के पूर्व और वर्तमान निदेशक, सभी सम्मानित वैज्ञानिकों, संस्थान के विभिन्न कार्यालय/लैब/फैसिलिटी के सदस्यों और छात्रों का आभारी हूँ, जिन्होंने हमेशा मेरी मदद की और कठिन परिस्थितियों में मेरे साथ खड़े रहे। मेरा 31 साल का सी.पी.एम.बी से एन.सी.पी.जी.आर (अंतरिम परिसर) और आखिर में एन.आई.पी.जी.आर. का सफर बहुत ही उत्साह से भरा हुआ रहा और यह यादें जिंदगी भर मेरे साथ रहेंगी।



(बाएँ से दायें) 28 नवंबर, 2005 को माननीय राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी के द्वारा एन.आई.पी.जी.आर. का उद्घाटन, डी.बी.टी. के पूर्व सेक्रेटरी स्वर्गीय डॉ. एम. के. भान और साथ में एनआईपीजीआर के संस्थापक और प्रथम निदेशक प्रोफेसर असीस दत्ता

एनसीपीजीआर से एनआईपीजीआर तक का सफर

डॉ. मोनिका जग्गी (पीएच.डी. बैच 2004)
प्रमुख वैज्ञानिक
सीएसआईआर–राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं नीति अनुसंधान संस्थान
(सीएसआईआर–एनआईएससीपीआर), नई दिल्ली

वर्ष 2004 में राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्थान (एनआईपीजीआर) में कदम रखना, जो उस समय एनसीपीजीआर (राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान केन्द्र) के नाम से जाना जाता था, वैज्ञानिक अनुसंधान में मेरी यात्रा की शुरुआत थी। जेएनयू परिसर के शांत परिवेश में बसा यह संस्थान शैक्षणिक आकर्षण का एक अलग ही माहौल देता था। उन दिनों की यादें आज भी ताजा हैं, खासकर वह इमारत जिसमें अब एडवांस्ड इंस्ट्रूमेंटेशन रिसर्च फैसिलिटी है।

[बाएं से दाएं: सुनील कुमार, डॉ. जयंती सेन, संतोष कुमार, शोभाराम वाल्मीकि, अजस्वरता दत्ता, सुशील कुमार रैना, मोनिका जग्गी, ज्योति बत्रा]

स्वर्गीय डॉ. जयंती सेन के मार्गदर्शन में, मैंने अनुशासन, धैर्य और अटूट समर्पण से भरे मार्ग पर कदम रखा। डॉ. सेन एक मेहनती वैज्ञानिक थी और विज्ञान के प्रति समर्पित थी, उन्होंने मुझमें ऐसे बहुमूल्य गुणों का संचार किया, जिनसे मेरे वैज्ञानिक चरित्र का निर्माण हुआ। वह समानता में विश्वास रखती थी और इस बात पर जोर देती थी कि वरिष्ठों को औपचारिक उपाधियों के बजाय उनके नाम से संबोधित किया जाना चाहिए – यह एक ऐसा कदम था जिससे सौहार्द और पारस्परिक सम्मान को बढ़ावा मिलता था। विज्ञान के प्रति उनका अटूट जुनून और अपने छात्रों के प्रति उनकी असीम प्रतिबद्धता प्रेरणादायक थी, जिसने उन्हें कैंसर से जूझने के बावजूद अपने अंतिम दिनों तक प्रयोगशाला के काम में डूबे रहने के लिए प्रेरित किया। उनकी अनुपस्थिति में भी, डॉ. सेन की विरासत जीवित है, जो विज्ञान के प्रति उनके समर्पण का प्रमाण है।

[बाएं से दाएं: संतोष कुमार, अजस्वरता दत्ता, ज्योति बत्रा, निरोज कुमार सेठी, सुशील कुमार रैना, के. प्रभाकर राव, धम्मप्रकाश वानखेड़े, डॉ. जयंती सेन]

पुरानी इमारत हमारे लिए दूसरे घर की तरह थी, जहाँ टीमवर्क बहुत जरूरी था। प्रत्येक वर्ष, सभी शोधकर्ता अपनी प्रयोगशाला की सफाई करने के लिए एकजुट होते थे, जिसके बाद एक बड़े रात्रिभोज का आयोजन किया जाता था। संस्थान के सभी लोग जन्मदिन और शोध पत्र स्वीकृति समारोह में शामिल होते थे। नए भवन में जाने के बाद भी हमने इन परंपराओं को जारी रखा, जिससे हमारे वैज्ञानिक लक्ष्यों की दिशा में काम करते हुए बनाए गए मजबूत संबंध जीवित रहे।

डॉ. आलोक सिन्हा के मार्गदर्शन में काम करना मेरी शोध यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। अपने छात्रों के प्रति उनके अटूट समर्थन और विश्वास ने स्वायत्तता और सशक्तिकरण के माहौल को बढ़ावा दिया। मैं उनके मार्गदर्शन के लिए बहुत आभारी हूँ।

[बाएं से दाएं: डॉ. जयंती सेन, डॉ. सभ्यता भाटिया, डॉ. आलोक कृष्ण सिन्हा, डॉ. मनोज प्रसाद]

मैं बिना किसी संदेह के कह सकती हूँ कि एनआईपीजीआर में मेरा समय शानदार था। हमारे पास अद्भुत सुविधाएं, उच्च कोटि की प्रयोगशालाएं और वरिष्ठ लोग थे जिन्होंने हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन किया। इसके अलावा, मेरे लैबमेट हमेशा मदद के लिए तैयार रहते थे। एनआईपीजीआर में अपनी यात्रा पर विचार करते हुए, मैं समृद्ध अनुभवों और वहां से प्राप्त अमूल्य सबक के प्रति आभार व्यक्त करती हूँ। जिज्ञासा से प्रेरित और ज्ञान की सामूहिक खोज से प्रेरित एक जीवंत वैज्ञानिक समुदाय का हिस्सा बनना एक सौभाग्य की बात थी।

अंत में, मैं भावी वैज्ञानिकों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ तथा उनसे आग्रह करती हूँ कि वे हर अवसर का लाभ उठाएं, नैतिक मानदंडों को बनाए रखें तथा वैज्ञानिक उत्कृष्टता की खोज में पूरे मनोयोग से जुट जाएं। एनआईपीजीआर के गलियारे उत्साही शोधकर्ताओं के कदमों से गूंजते रहें, जिनमें से प्रत्येक वैज्ञानिक खोज के क्षेत्र में अपनी अनूठी छाप छोड़ता रहे।

सपना जो सच हुआ...

डॉ. हस्ती राम (पीएच.डी. बैच 2007)
वैज्ञानिक
एनआईपीजीआर

एनआईपीजीआर में पीएच.डी. करने से पहले मुझे इसके बारे में नहीं पता था। हालाँकि, मुझे एनबीपीजीआर की प्रतिष्ठा के बारे में पता था, और मैंने सोचा कि एनआईपीजीआर शायद एनबीपीजीआर की एक शाखा हो सकती है, और मैंने अपनी पीएच.डी. ज्वाइन कर ली। मैं प्रोफेसर आशीष दत्ता की लैब में शामिल होना चाहता था क्योंकि उन्हें पद्म श्री और पद्म भूषण पुरस्कार मिला था, हालाँकि मैं प्रोफेसर सुदीप चट्टोपाध्याय की लैब में शामिल हो गया, जो संस्थान की सबसे प्रतिष्ठित लैब थी। मुझे लैब में अपना पहला दिन अच्छी तरह याद है, जब चंद्रू सर (लैब के वरिष्ठ जिनके काम को मैंने आगे बढ़ाया) ने मुझे उनके साथ अरेबिडोप्सिस ऊतकों से कुल प्रोटीन निष्कर्षण करने के लिए कहा था। नेगी जी (लैब में STO) हमें उपकरण हैंडलिंग के बारे में सिखाते थे। मुझे याद है कि मैंने नेगी जी से कहा था कि मेरे पास सैद्धांतिक ज्ञान है लेकिन मेरे पास मास्टर्स के दौरान विभिन्न उपकरणों का उपयोग करने का व्यावहारिक अनुभव नहीं है, और उन्होंने मुझे सभी तकनीकों को सीखने में मदद की। मेरे पीएच.डी. के सबसे यादगार दिनों में से एक वह दिन था जब सुदीप सर ने लैब मीटिंग में यह घोषणा की कि वह एनआईपीजीआर छोड़कर एन आई टी दुर्गापुर में शामिल होने जा रहे हैं। कमरे में एकदम सन्नाटा था। सिर्फ सर बोल रहे थे और कोई कुछ नहीं बोल पा रहा था। हर कोई उदास था। पीएच.डी. की यात्रा वाकई रोमांचक थी, जिसमें बहुत सारे उतार–चढ़ाव थे। उन दिनों मैं क्रिकेट खेलने में बहुत ज्यादा मशगूल था। मैं हर रोज शाम 5 बजे क्रिकेट के मैदान पर पहुँचने वाला पहला व्यक्ति होता था और बाकी सभी खिलाड़ियों को मैदान पर बुलाता था। यह मैदान पहले एक ऐसी जगह हुआ करता था जहाँ अब नई लैब विंग बनी है। 15 अगस्त/26 जनवरी को फैकल्टी और छात्रों के बीच क्रिकेट मैच हुआ करता था। उस समय लगभग 70 साल के प्रोफेसर सुशील कुमार द्वारा लिया गया कैच सभी के लिए सबसे यादगार पलों में से एक था। पीएच.डी. की यात्रा के बारे में बात करने के लिए बहुत सी बातें हैं और मैं उनमें से हर एक को संजो कर रखता हूँ।

एनआईपीजीआर में वैज्ञानिक का पद पाना मेरा सपना था और यह मेरे पीएच.डी. पूरी होने के 8 साल बाद 2020 में सच हुआ। एक वैज्ञानिक के रूप में वहाँ आना और चलना बहुत खास एहसास रहा जहाँ आपने एक छात्र के रूप में काम किया। एक तरफ यह छात्र होने जैसा लगता है, दूसरी तरफ यह ज्यादा जिम्मेदारी वाला भी लगता है। मैं बहुत विनम्र महसूस कर रहा हूँ और एनआईपीजीआर में अपने पीएच.डी. अनुभव के साथ–साथ अपने पोस्टडॉक्टोरल अनुभव का उपयोग करते हुए, मैं उन कार्यों को करने का लक्ष्य रखता हूँ जो समाज और देश के लिए उपयोगी होंगे।

मेरी एनआईपीजीआर यात्रा

डॉ. मंजुल सिंह (पीएच.डी. बैच 2008)
डीबीटी–रामलिंगस्वामी फेलो,
सीएसआईआर–एनबीआरआई, लखनऊ

मेरा अल्मा मेटर होने के नाते, एनआईपीजीआर मेरी शोध यात्रा का सबसे यादगार हिस्सा रहा है। मुझे वहां महान मार्गदर्शकों, उत्कृष्ट सहकर्मियों और उत्कृष्ट वरिष्ठों का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मुझे याद है कि मैं एनआईपीजीआर में नवनिर्मित छात्रावास का पहला निवासी था। भारत के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले मेरे सभी सहकर्मी काफी जिज्ञासा और असमंजस से भरे हुए थे, और हम सभी बहुत जल्दी एक–दूसरे से घुल–मिल गए। मुझे दहिया जी के कैंटीन में सत्तू पराठा और चाय पर बातचीत करते हुए बिताया गया समय खास तौर पर याद है। ब्रह्मपुत्र हॉस्टल में हम अपने सीनियर्स और सहकर्मियों के साथ देर रात चाय और मैगी का लुत्फ उठाते थे। हर साल हम डॉ. प्रवीण वर्मा सर के मार्गदर्शन और प्रबंधन में एक शानदार कार्यक्रम साइ–इफ्लक्स का आयोजन करते थे, जिसमें विज्ञान से लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम तक सब कुछ शामिल होता था। पहली हॉस्टल नाइट (पल्लवन) मौज–मस्ती और यादों से भरी थी, यह वह समय था जब हम वरिष्ठों और सहकर्मियों के साथ घुलमिल गए थे। हमारी प्रयोगशालाएं और छात्रावास एक ही परिसर में होने के कारण हमारा जीवन बहुत आरामदायक था और पूरा एनआईपीजीआर समुदाय इतना स्नेही था कि हमें कभी अकेलापन महसूस नहीं हुआ। लैब 203 मेरे लिए हमेशा एक खुशहाल जगह रहेगी, इस लैब को तीन वैज्ञानिकों डॉ. एश्वर्या लक्ष्मी (मेरी गुरु), डॉ. नवीन बिष्ट और डॉ. मनोज माजी ने साझा किया था। लैब के सभी सदस्य एक बड़े परिवार की तरह थे, क्योंकि हम पिकनिक, त्यौहार और जन्मदिन का जश्न एक साथ मनाते थे। मैंने लैब203 में संसाधनों को साझा करने और विज्ञान पर चर्चा करने की संस्कृति विकसित की। एनआईपीजीआर वह आधार है जिसने मुझे विज्ञान में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, मुझे लगता है कि इसने हमारे दिमाग में एक बेंचमार्क स्थापित किया है कि शोध का माहौल कैसा होना चाहिए। मुझे खुशी और गर्व है कि हम एनआईपीजीआर के 25 गौरवशाली वर्ष मना रहे हैं, और मैं प्रशिक्षु से लेकर पी.एच.डी. और फिर पोस्टडॉक्टरेट तक, कुल 9 वर्षों तक इस यात्रा का हिस्सा रहा हूँ। मैं भारत और दुनिया भर में उत्कृष्ट पादप विज्ञान अनुसंधान का प्रतीक बनने के लिए एनआईपीजीआर परिवार को शुभकामनाएं देता हूँ।

यादें जो याद आती हैं

डॉ. अदिति गुप्ता (पीएच.डी. बैच 2008)
वरिष्ठ वैज्ञानिक
सीएसआईआर–एनबीआरआई, लखनऊ

जब मैं राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्थान (एनआईपीजीआर) में बिताए अपने समय को याद करती हूँ, तो मैं गहरी कृतज्ञता और पुरानी यादों से भर जाती हूँ। एनआईपीजीआर में मेरी यात्रा जनवरी 2008 में डॉ. प्रवीण वर्मा की प्रयोगशाला में एम.एससी. इंटर्न के रूप में शुरू हुई और डॉ. ऐश्वर्या लक्ष्मी के मार्गदर्शन में पीएच.डी. शोधार्थी के रूप में जारी रही। मैंने एनआईपीजीआर में लगभग आठ यादगार वर्ष बिताए, इस दौरान मैं एक शोधार्थी और एक बेहतर इंसान के रूप में विकसित हुई।

डॉ. एश्वर्या लक्ष्मी का मार्गदर्शन और लैब 203 का माहौल मेरे शैक्षणिक और प्रोफेशनल विकास में महत्वपूर्ण था। हम डॉ. मनोज माजी और डॉ. नवीन बिष्ट के मार्गदर्शन के लिए भी बहुत भाग्यशाली थे, बेशक उनके शोध दल हमारे अच्छे पड़ोसी थे जो एक बोनस था! सभी विषम समय के प्रयोग, डेटा विश्लेषण, शोध निष्कर्षों पर अनेकों चर्चाएँ, असफलताएँ और बहुत कुछ, मेरे शोध यात्रा के अभिन्न अंग थे, और इसी प्रकार सभी लैब पिकनिक, जन्मदिन समारोह, त्योहार, दोपहर के भोजन और सैर–सपाटे भी!! एनआईपीजीआर परिसर में छात्रावास के पहले निवासियों में से एक होने के नाते, मुझे हमारी समुदाय को शुरू से बढ़ते हुए देखने का भी अवसर मिला। छात्रावास की रातें (पल्लवन), सरस्वती पूजा, वार्षिक छात्र उत्सव साइइफ्लक्स, एनआईपीजीआर के सभी शिक्षकों, वरिष्ठों, बैचमेट्स और जूनियर्स के साथ मेरी कुछ सबसे प्यारी यादें हैं। एनआईपीजीआर में प्राप्त प्रशिक्षण और अनुभव ने वास्तव में मेरे शोध आधार को मजबूत किया और मुझे अपने स्वयं के शोध समूह का नेतृत्व करने की चुनौतियों के लिए तैयार किया। आज, सीएसआईआर–एनबीआरआई, लखनऊ में एक वरिष्ठ वैज्ञानिक के रूप में, मैं अक्सर इन सीखों पर विचार करती हूँ और एनआईपीजीआर में मुझे जो सहयोगात्मक भावना का अनुभव हुआ, उसे संजो कर रखती हूँ। जैसा कि हम एनआईपीजीआर की रजत जयंती मना रहे हैं, मैं गर्व और खुशी महसूस कर रही हूँ। मैं इस उल्लेखनीय यात्रा का हिस्सा बनने के अवसर के लिए आभारी हूँ और संस्थान की निरंतर सफलता और वैज्ञानिक समुदाय में योगदान की आशा करती हूँ।

कुछ यादें कुछ बातें

डॉ. अर्शीद शेख (पीएच.डी. बैच 2009)
रिसर्च साइंटिस्ट केएयूएसटी, सऊदी अरब
सहायक प्रोफेसर यूट्रेक्ट विश्वविद्यालय, नीदरलैंड

विदेश में रहने के दौरान, एनआईपीजीआर में मेरे नए स्मार्टफोन वाला एक पार्सल पहुंचा, जिससे मेरे मित्र बहुत खुश हुए। दूर होने के बावजूद, उनकी आत्मीयता ने मेरे दरवाजे तक घर का एक टुकड़ा ला दिया। मैं उस खुशी भरे माहौल को अच्छी तरह से याद कर सकता हूँ जब वे उत्सुकता से डिवाइस को खोल रहे थे, उनकी हँसी हमारे शोध संस्थान के परिचित हॉल में गूँज रही थी। उन्होंने मेरे साथ जो तस्वीरें साझा कीं, उनके जरिए मुझे उस जगह से तुरंत जुड़ाव महसूस हुआ जिसने इतनी सारी यादों को ताजा कर दिया था। कैमरे में कैद उन क्षणों में, मैं उस सौहार्द और गर्मजोशी को महसूस कर सकता था जो हमारे साथ बिताए गए समय को परिभाषित करती थी। ये सरल किन्तु गहन भाव मुझे एनआईपीजीआर की दीवारों के भीतर बने उन स्थायी बंधनों की याद दिलाते हैं, जो भौगोलिक सीमाओं को पार करते हैं तथा मीलों की दूरी के बावजूद हमारी आत्माओं को एक दूसरे से जोड़े रखते हैं। मुझे एनआईपीजीआर में साथ बिताए गए वे सरल, मजेदार लेकिन खूबसूरत पल याद आते हैं।

फोटो में बाएं से दाएं डॉ. रघु राम, डॉ. विजय वर्धन, डॉ. कमलेश साहू

एनआईपीजीआर... अनुभव से आकार मिला

डॉ. सीमा प्रधान (पीएच.डी. बैच 2009)
वैज्ञानिक
इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज, भुवनेश्वर

मैं लगभग सात वर्षों (सितंबर 2009 से जून 2016) तक एनआईपीजीआर में रही, जहां मैंने डॉ. सभ्यता भाटिया की देखरेख में अपनी पीएच.डी. की डिग्री पूरी की। हर पीएच.डी. यात्रा की तरह, मेरी यात्रा में भी उतार–चढ़ाव आए। लेकिन मैं खुद को बेहद भाग्यशाली मानती हूँ कि इस दौरान मुझे जो अनुभव मिला, उसने शोध में मेरे भविष्य को आकार दिया। मैंने हमेशा यह माना है कि पीएच. डी. का उद्देश्य विभिन्न तरीकों से हमारी क्षमताओं का परीक्षण करना है, तथा यह हमें अपनी स्वयं की प्रेरणा को खोजने के लिए प्रेरित करता है, तथा यह भी कि क्या हम अनुसंधान के प्रति इतना प्रेम रखते हैं कि स्वयं को इस कठिन प्रक्रिया से गुजरने के लिए तैयार कर सकें। मुझे लगता है कि एनआईपीजीआर मेरी ट्रेनिंग के लिए सबसे अच्छा प्लेटफार्म था। संस्थान के पास देश में सबसे अच्छी तरह से सुसज्जित सीआईएफ है और इसे रणनीतिक रूप से अनुसंधान गतिविधियों के केंद्र में रखा गया है। मैं उन लोगों के प्रति आभारी हूँ जिनसे मैं एनआईपीजीआर में मिली। जब भी मुझे मदद की जरूरत पड़ी, मुझे हमेशा मदद करने वाले हाथ मिले, चाहे वह सलाह के लिए हो, रसायनों के लिए हो। मैंने ऐसे लोगों से मित्रता स्थापित की है, जो मेरे जीवन के सबसे कठिन समय में भी मेरा साथ देते रहे हैं और आज भी देते हैं। रश्मि मैम, वानखेड़े सर, कामाक्षी, विजय, अन्नपूर्णा, चंद्र कांत, सुबोध, सिद्धि, प्रकाश और कई अन्य लोगों ने अपनी उपस्थिति से मेरे जीवन को समृद्ध बनाया है। मुझे एनआईपीजीआर में बिताए अनगिनत लंच, लैब पार्टियाँ और जीवन की घटनाएँ याद हैं। मेरे लिए यह सौभाग्य की बात थी कि मैं ऐसे सहायक और अच्छे स्वभाव वाले लोगों का साथ मिला जो जरूरत पड़ने पर मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करने को तैयार रहते थे। डॉ. आलोक सिन्हा ने बहुत धैर्यपूर्वक समझाया कि प्रकाशन–गुणवत्ता वाले आंकड़े कैसे विकसित किए जाएँ। डॉ. मनोज प्रसाद ने पीएच. डी. के बाद नौकरी के शुरुआती वर्षों में मेरी मदद करने के लिए बहुत ही कम समय में (एक घंटे के भीतर) चरित्र प्रमाण पत्र भेज दिया। यह डॉ. सभ्यता भाटिया की दूरदर्शिता ही थी जिन्होंने मुझे एनजीएस और जैव सूचना विज्ञान के क्षेत्रों में अपनी विश्लेषणात्मक क्षमताओं का विस्तार करने की अनुमति दी। मुझे सभी संकाय सदस्यों और कार्यालय कर्मचारियों का प्रोत्साहन और सहयोग याद है तथा मैं उन सभी लोगो को धन्यवाद देना चाहती हूँ। सौभाग्य से मुझे एनआईपीजीआर में विनम्रता और सहानुभूति ये दोनों गुण मिले। मैं आज जहां भी हूँ, वह मेरे जीवन में अब तक घटित हुई सभी घटनाओं का परिणाम है और एनआईपीजीआर इसका एक बड़ा हिस्सा रहा है और हमेशा रहेगा। मैं सभी वर्तमान शोधार्थियों को उनके सभी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देती हूँ और आशा करती हूं कि वे मेरे अल्मा मेटर में अपने अनुभवों से जितना संभव हो उतना लाभ प्राप्त करेंगे।

एनआईपीजीआर में "विज्ञान की खोज"

डॉ. रघु राम बादामी (पीएच.डी. बैच 2009)
मैरी क्यूरी फेलो, यूनिवर्सिटी कॉलेज कॉर्क, आयरलैंड

मुझे एनआईपीजीआर एलुमनाई एसोसिएशन का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। मैंने 2009–2015 के दौरान एनआईपीजीआर में पीएच.डी. की है। एनआईपीजीआर में काम करने का मेरा अनुभव विज्ञान और उससे आगे की सोच को आकार देने में सहायक रहा है। संक्षेप में, एनआईपीजीआर में लगभग 6 वर्षों तक सक्रिय रूप में कार्य करना, आगामी वर्षों में मेरी प्रत्येक सफलता के लिए महत्वपूर्ण था। भारत के बाहर चार अलग–अलग देशों में काम करने का अनुभव प्राप्त करने के बाद, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि एनआईपीजीआर जैसी जीवंत वैज्ञानिक संस्कृति शायद ही कहीं मिलेगी। लगातार होने वाले वैज्ञानिक व्याख्यान, समूह चर्चाएं, कार्यक्रम और सहकर्मियों के बीच अनौपचारिक बातचीत (चाय के दौरान) सभी मुख्यतः विज्ञान पर ही केंद्रित थे, जो अन्य स्थानों पर मिलना दुर्लभ है। सबसे अधिक आश्चर्यजनक बात यह है कि एनआईपीजीआर में 'विज्ञान की खोज' को 'जीवन पद्धति' के रूप में माना जाता है, जबकि इसके विपरीत विभिन्न स्थानों पर जहां मैं गया हूँ, वहां इसे "सिर्फ एक नौकरी" के रूप में माना जाता है। यह अद्भुत है कि एनआईपीजीआर के पास उन्नत इन्फ्रास्ट्रक्चर है, लेकिन वह कभी इसका बखान नहीं करता। इन सभी का मेरी वैज्ञानिक खोज पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा और विज्ञान के प्रति मेरे जुनून को बढ़ावा मिला। मैं वैज्ञानिक करियर को आगे बढ़ाने की इच्छा रखने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए एनआईपीजीआर को छोड़कर किसी भी बेहतर जगह के बारे में नहीं सोच सकता। मुझे अपना अनुभव साझा करने का मौका देने के लिए धन्यवाद।

एनआईपीजीआर... अनुभव से आकार मिला

डॉ. श्वेता झा (पोस्ट डॉक्. बैच 2011)
सहायक प्रोफेसर (बॉटनी),
जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

एनआईपीजीआर के भूतपूर्व पूर्व छात्र के रूप में इस प्रतिष्ठित संस्थान में अपने कार्यकाल के दौरान अपने अनुभवों को साझा करने में खुशी महसूस हो रही है। मैंने 2011 में पोस्ट–डॉक फेलो के रूप में डॉ. जितेन्द्र गिरि की प्रयोगशाला जॉइन किया था। एनआईपीजीआर में बिताए गए वर्ष मेरे लिए परिवर्तनकारी रहे, जिन्होंने न केवल मेरे शोध और प्रोफेशनल प्रगति को आकार दिया, बल्कि मेरे व्यक्तिगत विकास और प्रगति में भी योगदान दिया। एनआईपीजीआर में अपने कार्यकाल के दौरान, मैं परिसर के सुंदर जीवंत वातावरण में घिरी रही, मेरे चारों ओर प्रतिभाशाली लोग और समर्पित मार्गदर्शक थे, जिन्होंने मुझे अपनी ज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते रहें। संस्थान में अनुसंधान के लिए अपनाए गए बहुविषयक दृष्टिकोण ने मुझे अध्ययन के विविध क्षेत्रों का पता लगाने और जटिल मुद्दों की समग्र समझ विकसित करने में सक्षम बनाया। एनआईपीजीआर में मेरे अनुभव का सबसे मूल्यवान पहलू यह था कि मुझे ऐसे शोध परियोजनाओं में शामिल होने का अवसर मिला, जिनका वास्तविक दुनिया पर प्रभाव पड़ा। इन अनुभवों ने न केवल मुझे आवश्यक कौशल प्रदान किये, बल्कि समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए मुझमें उद्देश्य और प्रतिबद्धता की गहरी भावना भी पैदा की। विभिन्न पृष्ठभूमियों और संस्कृतियों के साथियों के साथ बने बंधन, और अनुकूल और प्रतिकूल परिस्थितियों के साझा क्षण ऐसे हैं जिन्हें मैंने संजो कर रखा है। मुझे देर रात तक किए गए उन प्रयोगों की बहुत याद आती है, जिनसे न केवल मेरा नजरिया व्यापक हुआ, बल्कि मेरा समग्र अनुभव भी समृद्ध हुआ।

मुझे एनआईपीजीआर में अर्जित ज्ञान और कौशल को अपने विश्वविद्यालय में अपने क्षेत्र की कुछ सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने के लिए लागू करने का सौभाग्य मिला है। चाहे वह अभूतपूर्व अनुसंधान करना हो, नवीन परियोजनाओं का नेतृत्व करना हो, या अगली पीढ़ी के स्कॉलर को मार्गदर्शन देना हो, मुझे एनआईपीजीआर में प्राप्त अनुभव निरंतर याद आते रहते हैं। मैं संकाय के अटूट मार्गदर्शन, विशेष रूप से प्रो. अखिलेश त्यागी, डॉ. गिरी, डॉ. आलोक सिन्हा, डॉ. जितेंद्र ठाकुर, और मेरे साथी सहकर्मियों पूनम, बिपिन, मीनाक्षी और कई अन्य लोगों के प्यार और सहयोग के लिए आभारी हूँ। उनकी सलाह, प्रोत्साहन और मार्गदर्शन ने मेरे मार्ग को आकार देने और अकादमिक क्षेत्र से परे दुनिया की जटिलताओं को समझने में मेरी मदद की है। मुझे एनआईपीजीआर समुदाय का हिस्सा बनने और उत्कृष्टता, नवाचार और सेवा की इसकी विरासत को आगे बढ़ाने पर बहुत गर्व है। मैं एनआईपीजीआर में अपने प्रवास के दौरान मुझमें जो मूल्य स्थापित हुए, उनसे प्रेरित होकर ज्ञान के विकास और समाज की बेहतरी में योगदान देना जारी रखने की आशा करती हूँ।

अंतहीन यात्राः एक वैज्ञानिक की जिज्ञासा से खोज तक की यात्रा

डॉ. तपन कुमार मोहन्ता (पोस्ट डॉक् बैच 2012)
निजवा विश्वविद्यालय, निजवा, ओमान में शोधकर्ता

हम सभी जानते हैं कि जो व्यक्ति विज्ञान में अपना करियर बनाता है या जो विज्ञान में काम करता है उसे "वैज्ञानिक" के रूप में जाना जाता है। तो, वैज्ञानिक की पारंपरिक परिभाषा क्या है? वैज्ञानिक वह व्यक्ति होता है "जो चीजों को वैसे ही जानता है जैसे वे हैं" या वह व्यक्ति जिसे विषय–वस्तु का गहन ज्ञान होता है। सीखने की सतत प्रक्रिया ज्ञान को गहराई तक पहुंचाती रहती है। जीवन के निरन्तर बदलते पन्नों में कथा का एक धागा हम सबको ज्ञान और अनुभव के दायरे में बांधता है। एनआईपीजीआर एक ऐसा महान संस्थान है जिसने मेरी शिक्षा में योगदान दिया है और मैं अपने वैज्ञानिक करियर में इसके योगदान के लिए ऋणी हूँ। मेरी यात्रा एनआईपीजीआर में युवावस्था की मासूमियत, दुनिया की जटिलताओं से अछूते मन के साथ शुरू हुई, जहां जिज्ञासा के बीज बोए गए और ज्ञान की प्यास प्रज्वलित हुई। एनआईपीजीआर में अनुभव के साथ ज्ञान का एकीकरण, आत्मनिरीक्षण, सहानुभूति और अंधेरी रातों में मार्गदर्शन करने वाले प्रकाश से युक्त, सत्य और समझ की ओर मार्ग को प्रकाशित करना, मेरे जीवन का एक महत्वपूर्ण समय था। विशेष रूप से, मैं एनआईपीजीआर के अपने पोस्टडॉक पर्यवेक्षक डॉ. आलोक कृष्ण सिन्हा का आभारी हूँ, जिन्होंने मुझे उनके साथ काम करने का अवसर दिया और मेरे करियर के लिए वैज्ञानिक बुद्धि का एक मजबूत आधार प्रदान किया। प्रतिष्ठित संस्थान एनआईपीजीआर के पूर्व छात्र के रूप में, हम असीम संभावनाओं के मुहाने पर खड़े हैं, उन मील के पत्थरों की ओर देख रहे हैं जिन्हें हमने पार किया है और उन क्षितिजों की ओर देख रहे हैं जिन्हें अभी खोजा जाना है।

पूर्व छात्रों के रूप में, हम ज्ञान की मशाल लेकर चलते हैं, जो एक हाथ से दूसरे हाथ और पीढ़ी–दर–पीढ़ी चलती रहती है। हालाँकि, इस विशेषाधिकार के साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी जुड़ी है कि हम अपने ज्ञान का उपयोग व्यक्तिगत लाभ के लिए न करें, बल्कि मानवता की भलाई के लिए करें। हालांकि, वैज्ञानिक का मार्ग चुनौतियों के बिना अधूरा है। हर सफलता के लिए, अनगिनत असफलताएँ और संदेह के क्षण आते हैं, और कभी–कभी, आगे का रास्ता अंधकारमय और धुंधला दिखता है। यह प्रतिकूल क्षण वैज्ञानिक की वास्तविकता का परीक्षण करता है और जहां दृढ़ता की कसौटी पर अपने आप को गढ़ते हैं। एक पूर्व छात्र के रूप में, मैं ज्ञान की खोज में एनआईपीजीआर में बिताए गए समय से सीखे गए सबक और प्राप्त ज्ञान को अपने साथ रखता हूँ। लेकिन इससे भी बढ़कर, मैं इस संस्थान द्वारा मुझे दिए गए अवसरों के लिए बहुत आभारी हूँ, जिसमें खोज करने, सवाल करने और खोज करने का अवसर शामिल है। पूर्व छात्रों के रूप में, हम एक साझा लक्ष्य की सामूहिक खोज से एक साथ बंधे हैं। यद्यपि हमारे रास्ते अलग–अलग हो सकते हैं और हम विश्व के अलग–अलग कोनों में रह सकते हैं, फिर भी हम हमेशा अपने संस्थान से जुड़े रहेंगे, जो अनंत संभावनाओं का केंद्र है।

एनआईपीजीआर मेरा आत्मविश्वास

सुवाकांता बारिक (जेआरएफ, 2012)
आईआईटी गांधीनगर, गांधीनगर में तकनीकी अधीक्षक

एनआईपीजीआर से जुड़ी मेरी बहुत सारी यादें हैं। मैं हमेशा एनआईपीजीआर को भारत में पादप विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ और सबसे प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थानों में से एक मानता हूँ। एनआईपीजीआर में मेरी यात्रा जनवरी 2012 में शुरू हुई जब मैं स्टाफ साइंटिस्ट डॉ. आनंद के. सरकार के साथ जेआरएफ के रूप में शामिल हुआ और उसके बाद अप्रैल 2014 तक एसआरएफ के रूप में काम किया। इस अवधि के दौरान, मुझे अपने शोध समूह (डॉ. श्रद्धा रॉय (आरए), विभव गौतम, कथिक, प्रमोद, अर्चिता, शर्मिला, फुलवंती, बाला और अन्य) और जाहिर तौर पर हमारे मार्गदर्शक डॉ. आनंद सरकार के साथ काम करने में बहुत आनंद आया। हमने अपने शोध आदि में आने वाली समस्याओं का पता लगाने के लिए एक टीम के रूप में काम किया था। मुझे याद है कि हम (विभव और मैं) चिलचिलाती गर्मी में अपने खेत (जहाँ हमने प्रजनन प्रयोग के लिए मक्का और जड़ की विशेषता के लिए चावल उगाया था) पर जाते थे, और फिर मिरिंडा के साथ कैंटीन में बैठकर समोसा खाते थे। हमने मैदान में बाला द्वारा कुछ फोटोग्राफी क्लिक की थी। हम हर शनिवार को सेमिनार में बैठते थे जहाँ हमारे कार्यों का मूल्यांकन किया जाता था। कभी–कभी मुझे विशेष रूप से पांडुलिपि अपलोड करने के लिए गाइड के साथ प्रयोगशाला में रात बितानी पड़ती थी। मुझे डॉ. सरकार का असीम मार्गदर्शन मिला था। उन्होंने हमेशा मुझे मार्गदर्शन और आत्मविश्वास दिया। एनआईपीजीआर न केवल अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अनुसंधान संस्थान है, बल्कि इसका परिसर भी सुंदर है और काम करने के लिए एक उपयुक्त स्थान भी है। इससे मुझे बहुत सारी सुखद यादें मिली हैं जिन्हें मैं हमेशा संजोकर रखूंगा। मैं संस्थान से जुड़ी कुछ मधुर यादें यहां संलग्न कर रहा हूँ।

एनआईपीजीआर में मेरी शोध यात्रा

स्नेहा तिवारी (जेआरएफ, 2012)
पीएच.डी. छात्र, आईसीएआर–एनआईपीबी, दिल्ली

